# KRISHI VIGYAN KENDRA, ARIYARI, SHEIKHPURA

## BIHAR AGRICULTURAL UNIVERSITY, SABOUR, (BHAGALPUR)

Email : kvksheikhpura@gmail.com sheikhpurakvk@gmail.com

Phone No.:- 06341-247317 Mob : No. :- 9472130309


File No. ....../ KVK, Sheikhpura/ 2023-24 Letter No.:-......... / Date :-................

**दिनांक 27.07.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के सभागार में निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का कार्यवाही प्रतिवेदन**

उपस्थिति– वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक से संबंधित पंजी में संधारित

दिनांक 27.07.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के सभागार में निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे शुरू हुई। बैठक के प्रारंभ में कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा बैठक की अध्यक्षता कर रहे निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समिति के अन्य सम्मानित सदस्यों का स्वागत बुके देकर किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की गयी। बैठक का स्वागत उद्बोधन केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक द्वारा किया गया। इसके पश्चात् वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा विगत वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन प्रतिवेदन पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसकी सम्पुष्टि माननीय अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा की गयी। तदोपरान्त सितम्बर 2022 से जून 2023 के बीच कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा के उपरान्त पूर्व निर्धारित एजेंडा के सभी बिन्दुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई एवं उसके आलोक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए।

(1) कृषि विज्ञान केन्द्र की अन्य योजनाओं में कार्यरत कर्मी कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यादेश के अनुरूप संचालित कार्यक्रमों में भी सकिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, जिसका स्पष्ट वर्णन किया जाय।
(कियान्वयन–ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं जलवायु अनूकूल कृषि कार्यकम के कर्मी)

(2) एक महीन के अंदर मिट्टी जाँच प्रयोगशाला की सारी चीजें व्यवस्थित कर प्रयोगशाला को कार्यशील बनाया जाय एवं प्रत्येक महीने 100 सैम्पल की जाँच करना सुनिश्चित किया जाय। जलवायु अनुकुल कृषि कार्यकम के चयनित गाँवों के मिट्टी के सैम्पल की जाँच करना सुनिश्चित किया जाय। (कियान्वयन– डॉ0 धर्मेन्द्र नाथ पाण्डेय, विषय वस्तु विशेषज्ञ, मृदा विज्ञान)

(3) कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किया गया ऑन फार्म ट्रायल किसानों की आवश्यकता आधारित हो यह सुनिश्चित किया जाय। (कियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ )

(4)प्रत्येक महीने आयोजित होने वाले मासिक बैठक में पिछले बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन सभी वैज्ञानिकों एवं कर्मियों से लिखित रूप में जमा करें एवं अपूर्ण कार्य का स्पष्ट कारण प्रस्तुत करेंगे। (कियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं कर्मी)

(5) वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्याज के वैल्यू एडिशन और प्रोसेसिंग के लिए योजना बना कर कार्य करना सुनिश्चित किया जाय। (कियान्वयन–श्री नवीन कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान)

(6) कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यकम में नए किसानों को शामिल करने का प्रयास करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही किसानों का कम्प्युटराइज्ड डाटाबेस तैयार करना भी सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

(7) फार्मस फीडबैक रजिस्टर का संधारण करना सुनिश्चित किया जाय।(कियान्वयन–श्रीमति शबाना, विषय वस्तु विशेषज्ञ, एग्रोमेट)

(8)कृषि विज्ञान केन्द्र और आत्मा के द्वारा वित्तीय वर्ष में किसानों के बीच संयुक्त रूप से कम से कम 12 डाइगनोस्टिक विजिट करना सुनिश्चित किया जाय। (कियान्वयन–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

(9) एस0सी0एस0पी कार्यकम के अन्तर्गत किसानों को कामर्शियल उपयोग हेतु इक्विपमेंट देना है। साथ ही किसानों से इस संबंध में अंडरटेकिंग भी लेना सुनिश्चित किया जाय। (कियान्वयन–सभी विषय वस्तु विशेपज्ञ)

(10) ऑन फार्म ट्रायल (ओ0 एफ0 टी0) के 2 वर्ष पुरा होने के उपरांत ओ0एफ0टी को फ्रंट लाइन डेमोन्सट्रेशन(FLD) में ले जाना सुनिश्चित किया जाय एवं पम्पलेट बनाकर वितरण करना सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

# KRISHI VIGYAN KENDRA, ARIYARI, SHEIKHPURA

## BIHAR AGRICULTURAL UNIVERSITY, SABOUR, (BHAGALPUR)

Email : kvksheikhpura@gmail.com sheikhpurakvk@gmail.com

Phone No.:- 06341-247317 Mob : No. :- 9472130309

भाकृअनुप ICAR


(11) परम (ताड़ का परम) (Palmyra Palm Sprouts) के आटा को एफएराडी विभाग में भेजकर टेस्टिंग करवाना सुनिश्चित किया जाय।
(क्रियान्वयन– श्रीमति संगीता कुमारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, गृह विज्ञान)

(12) बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में आयोजित होने वाले स्ट्रॉबेरी या अन्य नवीनतम तकनीकी के प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसानों को प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय भेजना सुनिश्चित किया जाय।
(क्रियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

(13) भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सुझाव दिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के स्तर से लाइवस्टॉक पर ज्यादा प्रशिक्षण दिया जाय।
(क्रियान्वयन– डॉ0 विद्या शंकर सिन्हा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, पशु चिकित्सा)

(14) बकरी पालन संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित किया जाय जिसमें एक दिन बैंकिंग के लोगों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाय।
(क्रियान्वयन– डॉ0 विद्या शंकर सिन्हा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, पशु चिकित्सा)

(15) डेयरी संबंधी प्रशिक्षण उन किसानों को देना सुनिश्चित किया जाय जिनके द्वारा योजना में आवेदन किया गया है।
(क्रियान्वयन– डॉ0 विद्या शंकर सिन्हा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, पशु चिकित्सा)

(16) जिला मत्स्यिकी पदाधिकारी के सहयोग से मत्स्य पालन हेतु प्रशिक्षण कार्यकम करवाना सुनिश्चित किया जाय।
(क्रियान्वयन– डॉ0 विद्या शंकर सिन्हा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, पशु चिकित्सा)

(17) कृषि विज्ञान केन्द्र में वृक्षारोपण का कार्य करना सुनिश्चित किया जाय।
(क्रियान्वयन–श्री नवीन कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान/श्री चौधरी नरेन्द्र प्रसाद, प्रक्षेत्र प्रबंधक)

(18) बिहार के लाइवस्टॉक में फ्लूरोसिस का स्टेटस जानने के लिए आई0सी0ए0आर आर0सी0इ0आर0, पटना के द्वारा एप्रुव्ड प्रोजेक्ट में शेखपुरा जिला के अरियरि प्रखंड के पशुओं में फ्लूरोसिस की स्थिति एवं उनका निवारण के लिए केन्द्र के पशु चिकित्सा विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ0 विद्या शंकर सिन्हा को इस कार्य में भागीदारी के लिए सहमति प्रदान की गयी।
(क्रियान्वयन– डॉ0 विद्या शंकर सिन्हा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, पशु चिकित्सा)

अंत में डॉ0 विद्या शंकर सिन्हा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, पशु चिकित्सा विज्ञान द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा की समाप्ति की गयी।

dt. 02.09.23....

Memo No. 10..

प्रतिलिपि– निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– निदेशक, अटारी, जोन-IV ,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– सह–अधिष्ठाता–सह–प्राचार्य, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– सभी वैज्ञानिक/कर्मचारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

02/09/2023

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा